# संयुक्त निरीक्षण रिर्पोट

सहायक अभियन्ता, मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण, मसूरी ने अपने पत्र संख्या–497 मानचित्र संख्या–60/एम/13–14 दिनांक 19–2–14 द्वारा श्री मनोज काला, पुत्र स्व0 श्री टीका राम काला, निवासी–सुधा निवास, हरनाम सिंह रोड, मसूरी, जिला–देहरादून की मसूरी स्थित वैवर्ली कान्वेंट इस्टेट अन्तर्गत उनके स्वामित्व की निजी वन भूमि पर आवासीय भवन निर्माण हेतु भवन मानचित्र संख्या–60/एम/13–14 प्रस्तुत किया गया है। तदनुसार श्रीमान प्रभागीय वनाधिकारी मसूरी वन प्रभाग, मसूरी के पत्रांक 3720/18–1, दिनांक 24–02–2014 के अनुपालन में दिनांक 09–03–2014 को आवेदक तथा नगरपालिका परिषद, मसूरी/वन विभाग के निम्न अधिकारी/कर्मचारियों की उपस्थिति में स्थलीय निरीक्षण की कार्यवाही सम्पन्न की गई–

(1) श्री जगमोहन जुवांठा, वन क्षेत्राधिकारी, मसूरी रेंज।
(2) श्री बलबीर सिंह रावत, वन दरोगा, मसूरी रेंज।
(3) श्री सुरेन्द्र प्रसाद भट्टा, वन बीट अधिकारी, मरेस्प्रिंग बीट।
(4) श्री आदित्य शाह, मानचित्रकार, नगरपालिका परिषद, मसूरी।
(5) प्रस्तावक– श्री मनोज काला।

(1) प्रश्नगत भूमि वैवर्ली कान्वेंट इस्टेट अन्तर्गत पड़ती है।

(2) वैवर्ली कान्वेंट इस्टेट उत्तर प्रदेश गजट नोटिफिकेशन 2361/xiv/v-394-60 दिनांक 21 अप्रैल 1966 के सूची कमांक 84 के अनुसार नोटिफाइड प्राइवेट फॉरेस्ट इस्टेट है।

(3) वैवर्ली कान्वेंट इस्टेट अन्तर्गत आवेदक की कुल 408.76 वर्ग मी0 भूमि है, जिसमें से 141.13 वर्ग मी0 अर्थात 0.014113 है0 क्षेत्र में आवासीय भवन आदि का निर्माण प्रस्तावित है, जिसका विवरण निम्न प्रकार है:–

| क0सं0 | प्रस्तावित कार्य का विवरण | क्षेत्र का स्वरूप | संख्या | प्रस्तावित भूमि की नपत | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | लम्बाई | चौड़ाई | क्षेत्रफल (व0मी0में) | क्षेत्रफल (है0में) |
| 1 | आवासीय भवन | नोटिफाइड | 1 | 13.26 | 8.31 | 110.19 | |
| | | नोटिफाइड | 1 | 5.03 | 1.52 | 7.65 | |
| 2 | सीढ़ी | नोटिफाइड | 1 | 6.09 | 1.07 | 6.52 | |
| 3 | सीवर लाईन | नोटिफाइड | 1 | 6.45 | 0.30 | 1.93 | |
| 4 | इन्सपेक्शन चेम्बर | नोटिफाइड | 3 | 0.60 | 0.60 | 1.08 | |
| 5 | रेन वाटर स्टोरेज टैंक | नोटिफाइड | 1 | 3.00 | 2.00 | 6.00 | |
| 6 | सेप्टिक टैंक | नोटिफाइड | 1 | 3.00 | 2.00 | 6.00 | |
| 7 | शोक पिट | नोटिफाइड | 1 | 1.50 मी0 व्यास नपत का | | 1.76 | |
| | | **योग–** | | | | **141.13** | **0.014113** |

(4) प्रस्तावित निर्माण कार्य हेतु चयनित स्थल/भूमि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के रिट याचिका 749/95, एस.सी.एम.सी. बनाम एम. डी.डी.ए. व अन्य से आच्छादित नहीं है और न ही मसूरी नगर पालिका क्षेत्रान्तर्गत अवैध निर्माण संबंधी चिन्हित 1042+3(=)1045 मामलों की सूची में सम्मिलित हैं।

(5) वर्णित भूमि की जी0पी0एस0 रीडिंग निम्न प्रकार है–

| | | | |
|---|---|---|---|
| A | N- 30°-27'-59.2" | E- 078°-03'-26.3" | Hight- 2037 M. |
| B | N- 30°-27'-59.3" | E- 078°-03'-26.4" | Hight- 2037 M. |
| C | N- 30°-27'-59.2" | E- 078°-03'-26.3" | Hight- 2038 M. |
| D | N- 30°-27'-58.8" | E- 078°-03'-26.4" | Hight- 2038 M. |

(6) प्रस्तावित निर्माण हेतु अपेक्षित भूमि न्यूनतम है, तथा इसके अतिरिक्त अन्य कोई विकल्प नहीं है।

(7) वर्णित भू–खण्ड का घनत्व 0.1 से कम है।

(8) वैवर्ली कान्वेंट इस्टेट अन्तर्गत आवेदक के स्वामित्व की कुल 408.76 वर्ग मी0 भूमि है। उक्त भूमि में अवस्थित वृक्षों का विवरण निम्न प्रकार है–

| क0 सं0 | वृक्ष प्रजाति | व्यास वर्ग | वृक्षों की संख्या | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बांज हरा खड़ा | 80-90 | 1 | प्रस्तावित निर्माण कार्य से लगभग 2 मीटर दूरी पर अवस्थित है। |

**उक्त वृक्ष प्रस्तावित निर्माण कार्य में बाधक नहीं है।**

चूंकि वैवर्ली कान्वेंट इस्टेट नोटिफाइड इस्टेट है, जिसमें गैर वानिकी कार्य करने पर वन संरक्षण अधिनियम 1980 के प्राविधान लागू होंगे तथा स्थल पर किसी भी गैर वानिकी कार्य (Non-forestery-activities) के लिए भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय की पूर्वानुमति प्राप्त करनी आवश्यक है।

**(सुरेन्द्र प्रसाद भट्ट)**
**वन बीट अधिकारी**
**मरेस्प्रिंग बीट।**

**(बलबीर सिंह रावत)**
**वन दरोगा,**
**मसूरी रेंज।**

**(जगमोहन जुवांठा)**
**वन क्षेत्राधिकारी**
**मसूरी रेंज।**

उप प्रभागीय वनाधिकारी
मसूरी वन प्रभाग
देहरादून

**(आदित्य शाह)**
**मानचित्रकार,**
**नगरपालिका परिषद, मसूरी।**

**(मनोज काला)**
**प्रस्तावक।**

प्रतिहस्ताक्षरित
प्र0व0अ0
मसूरी वन प्रभाग
मसूरी